# उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (आरओ/एआरओ)
# सामान्य हिन्दी
# प्रारम्भिक परीक्षा-2016 (द्वितीय प्रश्न-पत्र)

**समय : 1 घंटे** **अधिकतम अंक : 60**

1. एक वाक्य शुद्ध है
 (a) स्वामी विवेकानंद का भाषण सुन कर उपहास उड़ाने वाले अमरीकियों पर घड़ों पानी पड़ गया।
 (b) बाजार का साप्ताहिक अवकाश सोमवार को रहता है।
 (c) वह दुखी स्त्री वैधव्यता का जीवन बिता रही है।
 (d) मैं सपरिवार सानन्दित हूँ।

2. 'सवाल-जवाब' 'बहस-हुज्जत' या 'दिए गए उत्तर पर उत्तर' के लिए एक शब्द है
 (a) उत्तरापेक्षी (b) उत्तरण
 (c) प्रत्युत्तर (d) उत्तरोत्तर

3. 'मदिरा पीने का प्याला' के लिए एक शब्द है
 (a) चश्म (b) चशक
 (c) चश्क (d) चषक

4. जो स्त्री के वशीभूत है, के लिए एक शब्द है
 (a) स्त्री प्रेमी (b) स्त्रैण
 (c) स्त्रियोचित (d) त्रियावशी

5. एक वाक्य शुद्ध है
 (a) भारत वर्ष के अतीत में कई निर्दयी शासक हुए हैं।
 (b) एकत्रित भीड़ जयजयकार कर रही थी।
 (c) गाँधीजी चरखा चलाते थे।
 (d) एक-एक करके प्रत्येक छात्र कक्षा से निकल गए।

6. जिसे अपनी जगह से अलग कर दिया गया हो, के लिए एक शब्द है
 (a) विस्थापित (b) अवस्थापित
 (c) संस्थापित (d) संस्थाजित

7. 'बुरे उद्देश्य से की गयी गुप्त मंत्रणा' के लिए एक शब्द है
 (a) दुरतिक्रम (b) दुरधिगम
 (c) दुरभिसंधि (d) दुरभियोजन

8. 'वह कन्या जिसके साथ विवाह का वचन दिया गया है' के लिए एक शब्द है
 (a) वाग्दत्ता (b) वाग्दान
 (c) वाग्बद्ध (d) वाग्विदग्ध

9. 'ऐसी जीविका जिसका कुछ ठीक-ठिकाना न हो' के लिए एक शब्द है
 (a) आकाश कुसुम (b) आकाशवृत्ति
 (c) आकाश सलिल (d) आकाशफल

10. मरणासन्न अवस्था वाला के लिए एक शब्द है
 (a) मैमर्त्य (b) मुमूर्षु
 (c) मृतगामी (d) निर्विकारी

11. 'तैरने या पार होने का इच्छुक' के लिए एक शब्द है
 (a) तैराक (b) तितीर्षु
 (c) तारक (d) ताराणक

12. 'चना' का तत्सम रूप है
 (a) चणक (b) चणा
 (c) चाणक (d) चणाक

13. तद्भव 'चबूतरा' का तत्सम रूप है
 (a) चर्वतर (b) चर्वुतरा
 (c) चार्वूतरा (d) चत्वाल

14. निम्नलिखित में से एक तद्भव शब्द है:
 (a) पूंजी (b) नयन
 (c) मूर्ख (d) शकुन

15. 'बेंत' का तत्सम रूप है
 (a) वेन्त (b) वेत्र
 (c) वेन्त्र (d) वेंतृ

16. 'युद्ध की इच्छा रखने वाला' के लिए एक शब्द है
 (a) योद्धा (b) युद्धरत
 (c) युद्धवीर (d) युयुत्सु

17. एक तद्भव शब्द है
 (a) पंजार (b) पंचाली
 (c) पंडित (d) पंजीरी

18. एक तद्भव शब्द है
(a) अटल (b) आतुर
(c) अतिथि (d) अजिर

19. 'ऊन' का तत्सम रूप है
(a) ऊन्य (b) ऊर्ण्य
(c) ऊरण (d) ऊर्ण

20. 'थाली' का तत्सम रूप है
(a) स्थाली (b) थालिका
(c) थ्याली (d) थालि

21. 'जामुन' का तत्सम रूप है
(a) यामुन (b) यामुण
(c) जंबु (d) जांबूण

22. एक तत्सम है
(a) अनहित (b) विनती
(c) डाकिनी (d) अटारी

23. 'इन्द्रिय' का विशेषण शब्द है
(a) इन्द्रीय (b) इन्द्रिक
(c) ऐन्द्रि (d) ऐन्द्रिय

24. एक वाक्य में विशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है
(a) वह विद्यार्थी है।
(b) वह लड़का विद्यार्थी है।
(c) वह प्रबुद्ध विद्यार्थी है।
(d) वह परिश्रमी भी है।

25. एक विशेषण शब्द नहीं है
(a) लजीला (b) लाडला
(c) लांछन (d) लापता

26. 'युद्ध देख कर अशोक का कठोर हृदय मोम जैसा पिघल गया'- वाक्य में विशेष्य है
(a) कठोर (b) अशोक
(c) हृदय (d) मोम

27. निम्नलिखित शब्दों में से एक विशेषण नहीं है:
(a) श्रव्य (b) सर्व
(c) गर्व (d) भव्य

28. निम्नलिखित में से एक विशेषण शब्द है:
(a) लाघव (b) महत्त्व
(c) लघुता (d) महत्

29. निम्नलिखित में से एक विशेषण शब्द नहीं है:
(a) बहुरूपिया (b) बातूनी
(c) बादामी (d) बांका

30. 'भक्त की करुण पुकार सुन कर भक्त-वत्सल भगवान् दयार्द्र हो उठे'- वाक्य में प्रयुक्त विशेष्यों की दृष्टि से कौन-सा युग्म शुद्ध है?
(a) भक्त तथा भगवान
(b) करुण तथा दयार्द्र
(c) भक्त-वत्सल तथा भगवान्
(d) पुकार तथा भगवान्

31. 'भोले बालक ने क्रूर डाकू के कठोर हृदय में कोमल भावना जगा दी'-वाक्य में कितने विशेष्य हैं?
(a) चार (b) तीन
(c) दो (d) छह

32. निम्नलिखित में से एक विशेषण शब्द नहीं है:
(a) वरदान (b) वरद
(c) वरदायक (d) वरणीय

33. निम्नलिखित शब्दों में से एक शब्द 'शंकर' का पर्यायवाची नहीं है:
(a) ललाटाक्ष (b) गंगाधर
(c) त्रिलोचन (d) शशधर

34. निम्नलिखित में से एक शब्द 'आम' का पर्यायवाची नहीं है:
(a) अतिसौरभ (b) सहकार
(c) अंबु (d) रसाल

35. पर्यायवाची की दृष्टि से एक वर्ग शुद्ध है
(a) सिंह, पंचानन, नाहर, मृगारि
(b) सूर्य, रवि, दिनकर, तरणी
(c) अग्नि, पावक, अनल, पिशुन
(d) महेश, रमेश, भूतेश, सतीश

36. निम्नलिखित में से एक 'पत्थर' का पर्यायवाची नहीं है:
(a) प्रस्तर (b) उपल
(c) पशम (d) पाहन

37. एक 'यमुना' का पर्यायवाची नहीं है
(a) रविजा (b) तनुजा
(c) सूर्यजा (d) अर्कजा

38. निम्नलिखित में से एक 'समुद्र' का पर्यायवाची शब्द नहीं है:
(a) जलधि (b) जलधाम
(c) जलनिधि (d) जलाधिप

39. निम्नलिखित में से एक 'नदी' का पर्यायवाची शब्द नहीं है:
(a) निम्नगा (b) त्रिपथगा
(c) कूलंकषा (d) कूलवती

40. निम्नलिखित में से एक 'विष्णु' का पर्यावची शब्द नहीं है:
(a) कमलेश (b) कमलाकान्त
(c) कमलापति (d) कमलासन

41. निम्नलिखित में से एक 'स्वर्ण' का पर्यायवची शब्द नहीं है:
(a) हेम (b) हाटक
(c) हिरण्या (d) कलधौत

42. पर्यायवाची की दृष्टि से एक वर्ग शुद्ध है
(a) इन्द्र, रतीश, सहस्त्राक्ष, मघवा
(b) घर, निकेतन, आयतन, निलय
(c) यमुना, कालिन्दी, भानुतनया, जाह्नवी
(d) वस्त्र, पाटक, अम्बर, चीर

43. 'व्यष्टि' का विपरीतार्थक शब्द है
(a) समास (b) समवेत
(c) समष्टि (d) समस्त

44. 'उपमेय' का सर्वथा उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द है
(a) अनुपमेय (b) अतुलनीय
(c) अनुपम (d) अनुपमित

45. 'सुलभ' का उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द है
(a) दुष्प्राप्य (b) अलब्ध
(c) अप्राप्य (d) दुर्लभ

46. 'दीर्घायु' का विलोम होगा
(a) चिरायु (b) अल्पायु
(c) नश्वर (d) क्षणिक

47. 'तृष्णा' का उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द है
(a) वितृष्णा (b) निस्पृह
(c) संतुष्टि (d) वितृप्त

48. 'निषिद्ध' का सर्वथा उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द है
(a) निश्चित (b) विहित
(c) उचित (d) निर्मित

49. 'भूगोल' का विपरीतार्थक शब्द है
(a) इतिहास (b) अंतरिक्ष
(c) ध्रुवगोल (d) खगोल

50. 'सहयोगी' का सर्वथा उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द है
(a) प्रतियोगी (b) प्रतिद्वन्द्वी
(c) प्रतिरोधी (d) प्रतिकूल

51. 'जोड़' का उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द है
(a) गुणा (b) भाग
(c) घटाव (d) बाकी

52. एक की वर्तनी शुद्ध है
(a) उनन्यन (b) उन्नयन
(c) उन्यन (d) उन्न्यन

53. एक की वर्तनी शुद्ध है
(a) आविष्कार (b) देवार्षि
(c) निशब्द (d) जमाता

54. एक की वर्तनी शुद्ध है
(a) खिवैया (b) न्यौछावर
(c) अनन्नास (d) निर्पेक्ष

55. एक की वर्तनी शुद्ध है
(a) षट्दर्शन (b) अनापेक्षित
(c) किलिष्ट (d) पर्यवसान

56. 'पोषक' का उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द होगा
(a) चूषण (b) अनपोषक
(c) शोषक (d) क्षीणकारी

57. एक वाक्य शुद्ध है
(a) यह तो अच्छा हुआ कि चोरों का पदार्पण होते ही मैं जाग गया।
(b) अच्छे लेखन के लिए शब्द संयम आवश्यक है।
(c) कक्ष में असंख्य जनसमूह उप स्थित था।
(d) 'रामचरित मानस' तुलसी की सबसे सुन्दरतम कृति है।

58. एक वाक्य शुद्ध है
(a) खेत जोतने के पारम्परिक उपादान हल का स्थान अब ट्रैक्टर ने ले लिया है।
(b) निरपराधी के विरुद्ध दंडनात्मक कार्यवाही का किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।
(c) श्रीमती रेड्डी जिस स्तर की नृत्यांगन हैं उनके पति उस स्तर के नृत्यांगना नहीं हैं।
(d) शिक्षा प्रणाली जनोपयोगी होनी चाहिए।

59. एक वाक्य शुद्ध है
(a) पर्वतीय प्रदेश में प्रात:काल का दृश्य बहुत चित्ताकर्षक होता है।
(b) प्रत्येक धर्म के लिए अच्छा सद्भाव रखना हमारा कर्त्तव्य है।
(c) मेरे वेतन का अधिकांश भाग बच्चों की पढ़ाई में ही खर्च हो जाता है।
(d) इस बात का स्पष्टीकरण करना आवश्यक है।

60. एक की वर्तनी शुद्ध है
(a) राज्य महल (b) कोमलांगिनी
(c) निरोग (d) अक्षौहिणी